# ट्रैक्टर बाइक भिड़त में पिता तीन वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल

## पिता को मोबाइल पहुंचने बैंक जा रहा था बेटा

**सौसर....**गुरुवार को बेलगांव नाके के पास में दोपहर में ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच में बड़ा हादसा हो गया जिसमें मोटरसाइकिल चालक पिता और तीन वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सिदेवाणी निवासी संजय कवडेती 31 अपने 2 बच्चो के साथ मोटरसाइकिल से अपने पिताजी को घर में छूटा हुआ मोबाइल देने के लिए सौसर बैंक आए थे। परंतु बेलगांव के पास खड़े ट्रैक्टर से जा भिड़े, घटना में 1 बच्चे एवं चालक संजय गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना के बाद टाइगर ग्रुप के सक्रिय सदस्यों एवं एंबुलेंस से घायलों को सौसर अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटना में चालक संजय कवडेती के सर पेर पर गंभीर चोटे एवं 3 वर्षीय बेटे कृष्णा कवडेती के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। जिन्हें सौसर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद में नागपुर रेफर किया गया है।

### सौसर अस्पताल में नहीं मिल रहा मरीजों को इलाज

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इसके पूर्व भी कई बार दुर्घटना के बाद में सौसर अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को इलाज के लिए डॉक्टरों का इंतजार करना पडा है। गुरुवार को भी ऐसा ही हुआ है जब घायलों को सौसर अस्पताल में पहुंचा तो यहां पर ड्यूटी पर तैनात डाक्टर नदारत थे, अस्पताल पहुंचने के बाद में लगभग आधे घंटे तक मरीज डॉक्टर, डॉक्टर चिल्लाते रहे बावजूद इसके ड्यूटी पर तैनात डाक्टर नही पहुचे,, डॉक्टर को लगभग तीन बार अस्पताल के कर्मचारी और नर्स बुलाने ली गई पर डॉक्टर साहब आने का मूड नही बना, हालांकि नर्सों के द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार किया गया, दर्द से तड़पते मरीजों के द्वारा बार-बार डॉक्टर को बुलाने की विनती करने के बाद भी डॉक्टर साहब इलाज के लिए नहीं पहुंचे है। बीएमओ डॉक्टर योगेश शुक्ला को दूरभाष पर अस्पताल में डॉक्टर नदारत होने की सूचना देने के बाद डॉक्टर मरीज के पास पहुंचे हैं। इस दौरान पीड़ित परिवार के द्वारा भी डॉक्टरों की लापरवाही और सौसर अस्पताल में देरी से इलाज मिलने को लेकर नाराजगी की व्यक्त की है।

### मरीज इलाज के लिए परेशान, नेता, अधिकारी खामोश

सौसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ढेरो खामियां अव्यवस्थाएं एवं संसाधनों की कमीया है। जिसके चलते मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा है, कहने को तो इस अस्पताल को 100 बेड का दर्जा मिला 20 से अधिक साल गुजर परंतु बावजूद अभी तक 100 बेड की सुविधा अस्पताल को जिला पानी में प्रशासनिक तंत्र के साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नाकारा साबित हुए हैं।एक और जहां सरकार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसलिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी और सौसर अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों लापरवाही कार्यप्रणाली के चलते घायल मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल में फैली लापरवाही अव्यवस्थाओं को लेकर चुनाव के दौरान घर-घर जाकर जनता से हाथ पैर जोड़कर वोट बटोरने वाले नेताजी भी चुप्पी सादे हुए हैं। जिसके चलते नेताओं एवं अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ क्षेत्रके लोगों का विश्वास उठता जा रहा है और आक्रोश पनपता जा रहा है।

## तीर्थंकर आदिनाथजी का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक
## मंगलगान से गूंज उठे जिनालय - हुए विविध अनुष्ठान

**छिंदवाड़ा - चैत्र वदी नवमीं के शुभ दिन धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान ऋषभदेवजी का मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लिया।**

इस अवसर पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्रावकगणों द्वारा प्रातःकाल की मंगल बेला पर श्री जिनबिंब प्रक्षालन कर जिनालय पर धजारोहण किया गया। जिसका सौभाग्य मंडल के महामंत्री अशोक वैभव, मंत्री प्रमोद जैन, कोषाध्यक्ष संजीव सिंघई, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, प्रफुल्ल जैन बाबू भाई सहित जिनशासन सेवकों को प्राप्त हुआ।

पश्चात बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ श्री आदिनाथ पूजन कर आदिनाथ भगवान के मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव की खुशियां मनाई, जिसमें पंडित ऋषभ शास्त्री, सचिन जैन, वर्धमान जैन, आशीष कौशल के मंगलगान से जिनालय गुंजायमान हो उठा और सभी ने चंबर नृत्य कर आदि प्रभु की भक्ति की। मंगलकारी प्रसंग पर अहिंसा स्थली गोल गंज के श्री आदिनाथ धाम मूल पाषाण मंदिर, श्री सूर्योदय धाम एवं श्री आदिनाथ जिनालय ऋषभ नगर में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने पूजन अभिषेक कर श्री आदि प्रभु का चल समारोह निकाला और पालना झुलाकर जन्म एवं तप कल्याणक की खुशियां मनाकर मंगलगान के साथ सभी को बधाइयां दी।

# हनुमान लोक जामसांवली में जन्मोत्सव की गूंज

### अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में बनी आयोजन की रणनीति

**सौंसर.....**विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जामसांवली में आगामी हनुमान जन्मोत्सव (26 मार्च से 02 अप्रैल) को अभूतपूर्व और भव्य बनाने के लिए संस्थान पूरी तरह कमर कस चुका है। गुरुवार को संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण आमसभा की बैठक संपन्न हुई, जिसमें उत्सव की तैयारियों का विस्तृत खाका तैयार किया गया।

मंदिर परिसर में हुई बैठक में मुख्य रूप से दूर-दराज से आने वाले हजारो श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पेयजल, छाया और दर्शन व्यवस्था पर गहन चर्चा की गई। अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि संस्थान और जिला प्रशासन के आपसी समन्वय से इस बार का जन्मोत्सव 'भव्य और दिव्य' स्वरूप में मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया है। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति पदाधिकारी के साथ-साथ संस्था के कर्मचारियों को कार्य,आयोजन जिम्मेदारियां आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई संस्थान की इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष संतोष डवरे,सचिव टीकाराम कारोकार, उद्योगपति मोहन ताजने,एड अजय धवले, मनोहर शेलकी, पांडुरंग बोबडे,अजय धवले, पंजाराव येलमुले,वसंत शेलकी, रामराव डवरे, पंजाबराव येलमुले,भीमराव वाकोडे,राजु बाविसटले, मनोज तवले,भगवंता कारोकार, निलेश जुनानकर,दिलीप बत्रा ने सहभागिता की। श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी जामसावली से मिली जानकारी अनुसार 26 मार्च से शुरू होने वाले इस आयोजन में विविध धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर संस्थान ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे इस पावन उत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएं।

# छिंदेवानी के खेत में भड़की भीषण आग

## किसान की 5 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक......



**पिपलानावार....**क्षेत्र के ग्राम छिंदेवानी (पिपला) में गुरुवार की शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहाँ एक किसान की साल भर की मेहनत चंद घंटों में राख के ढेर में तब्दील हो गई। अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसान अंगद हटेकर के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक उसने लगभग 5 एकड़ में लहलहाती गेहूं की फसल को घेर लिया। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि खेत में सिंचाई के लिए रखे लगभग 100 पाइप भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए।

### ग्रामीणों और दमकल विभाग की मशक्कत

आग की खबर लगते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जांबाजी दिखाते हुए अपनी मोटरों को चालू किया और पानी की बौछारों से आग बुझाने का संघर्ष शुरू किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। यदि समय रहते सक्रियता नहीं दिखाई जाती, तो आग पास के अन्य खेतों में भी फैल सकती थी, जिससे नुकसान का आंकड़ा और बड़ा हो सकता था।

इस अग्निकांड से पीड़ित किसान अंगद हटेकर पूरी तरह टूट चुके हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पटवारी,राजस्व विभाग की टीम भेजकर नुकसान का सर्वे कराया जाए और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे इस भारी आर्थिक संकट से उबर सकें।

गर्मी के मौसम और तेज हवाओं के चलते इन दिनों खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में दमकल सेवाओं को और अधिक मुस्तैद रखा जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## हनुमान लोक के आयोजन का मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण.......



**सौंसर।** विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जामसांवली धाम में आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पावन आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की और उन्हें इस महापर्व के लिए सादर आमंत्रित किया। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आगामी हनुमान जन्मोत्सव (26 मार्च से 02 अप्रैल) के उपलक्ष्य में होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बताई गई। साथ ही, संस्थान के सदस्यों ने 'हनुमान लोक' के अंतर्गत मंदिर परिसर में चल रहे भव्य निर्माण कार्यों की प्रगति और विकास योजनाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान संस्थान की ओर से प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष एवं ट्रस्टी संदीप मोहड, मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले आदि थे।

## जिला भाजपा में 5 माह से 5 पद खाली, कार्यकर्ताओं में बढ़ती नाराज़गी, आखिर किसका इंतजार कर रहे अध्यक्ष ?

**पांढुर्णा।** जिला भाजपा पांढुर्णा में कार्यकारिणी घोषित होने के लगभग 4 से 5 माह बीत जाने के बावजूद आज तक 5 महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं। इन पदों को लंबे समय से रिक्त रखने को लेकर अब भाजपा कार्यकर्ताओं में खुली चर्चा और असंतोष का माहौल बनने लगा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जिला भाजपा अध्यक्ष इन अहम पदों को भरने में इतनी देरी क्यों कर रहे हैं और किसके इंतजार में संगठन को अधूरा रखा गया है ? ज्ञात हो कि, जिला भाजपा अध्यक्ष पांढुर्णा द्वारा लगभग 4-5 माह पहले जिले की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई थी, लेकिन कार्यकारिणी के सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले जिला महामंत्री का एक पद आज तक खाली है। इसके अलावा जिला मंत्री, जिला मीडिया प्रभारी, जिला सह मीडिया प्रभारी और जिला कार्यालय प्रभारी जैसे जिम्मेदार पद भी अब तक रिक्त रखे गए हैं। इस तरह कुल 5 महत्वपूर्ण पद महीनों से खाली पड़े होने से संगठनात्मक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा के कई वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं ने इन पदों के लिए खुद को मजबूत दावेदार बताते हुए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी दावेदारी जिला भाजपा अध्यक्ष तक अलग-अलग माध्यमों से पहुंचाई है। इसके बावजूद अब तक नियुक्तियां नहीं होने से कार्यकर्ताओं में निराशा और असंतोष बढ़ता जा रहा है। संगठन के अंदर यह भी चर्चा है कि जब जिम्मेदारी समय पर मिलती है तो कार्यकर्ता पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ काम करते हैं, लेकिन लंबे इंतजार के बाद पद मिलने पर वही जोश और उमंग नहीं रह जाता। यही कारण है कि कई कार्यकर्ता अब संगठन की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगे हैं।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि आखिर जिला भाजपा अध्यक्ष इन महत्वपूर्ण पदों को भरने में देरी क्यों कर रहे हैं। क्या यह किसी आंतरिक खींचतान का परिणाम तो नहीं ?

## एकमुश्त मिलेगा मार्च व अप्रैल माह का राशन

**कटनी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार माह मार्च और अप्रैल की राशन सामग्री का वितरण एकमुश्त किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि राशन का वितरण 10 मार्च से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चलेगा। जबकि राशन उठाव की समय-सीमा 31 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों को 15 अप्रैल से पहले अपनी उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने की अपील की है।

## कटनी, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में आज लगेंगे शिविर

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 13 मार्च को विकासखंड कटनी, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। आज 13 मार्च को विकासखंड कटनी में ग्राम कैलवारा कला, खडौला, घघरीकला, घघरीखुर्द, चाका, पठरा, पतवारा और बडेरा ग्राम के लोगों के लिए कैलवारा कला में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेडा में ग्राम अंतर्वेद, खाम्हा, गोपालपुर, घुघरा, घुघरी, देवरी बिछिया, दशरमन, परसेल, पिपरिया शुक्ल, बरही, बरौदा, मुरवारी, लालपुर और सनकुई ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत दशरमन में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम कुसमा, कारीतलाई, खिरवा, चरी, जमुआनीकला, टीकर, दुर्जनपुर, धनवाही, परसवारा, बम्हौरी, सलैया, कोहारी, हरदुआ हनुमान एवं हरैंया ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत सलैया कोहारी में शिविर का आयोजन किया गया है।

# नवीन शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां, स्कूलों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सरकारी व निजी स्कूलों में 1 अप्रैल से फिर घंटी सुनाई देगी। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए स्कूलों के लिए नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में नामांकन एवं पुनर्भ्यास संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।नवीन शैक्षिक सत्र 2026 -27 के लिए बहोरीबंद विकास खंड अंतर्गत संचालित शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों को छात्रों के लिए निशुल्क पाठपुस्तकों का वितरण जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग के द्वारा विद्यालयों के प्राचार्यो को किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव के समय ही समस्त छात्रों को नि शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं निशुल्क साइकिल का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें एंव प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधि, पालको को आमंत्रित कर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । 1 अप्रैल से ही छात्रों को पढ़ाई के साथ छात्रों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही समस्त शासकीय सुविधा प्राप्त हो सके । विकासखंड के अंतर्गत संचालित सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्य को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण हेतु पुस्तकें वितरित की गई तथा निर्देश दिए गए कि छात्रों को प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस ही निशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।



पाठ्यपुस्तक वितरण मे पुस्तक प्रभारी शील कुमार जैन, रामनरेश यादव, रमेश पांडे उपस्थित हुए।

## निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं।

# करोड़ों से बन रहे नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही तहसील अंतर्गत व जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बुजबुजा में करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाये हैं। एजेंसी लोक निर्माण विभाग कटनी के माध्यम से ठेकेदार कृतिका कंस्ट्रक्शन कंपनी शाहपुर जिला उमरिया के द्वारा भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसका समयावधि 12 माह हैं। भवन निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री में गुणवत्ता की जांच जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है जिस पर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। क्षेत्र वासियों के द्वारा बताया गया कि सीमेंट एवं रेत कम गुणवत्ता वाली उपयोग की जा रही है वहीं लोहा की मात्रा भी कम है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में इसी ठेकेदार द्वारा छात्रवास हायर सेकेंड्री खितौली की बाउंड्री बाल निर्माण कार्य के दौरान तत्कालीन कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने पर बाउंड्री तुड़वाकर दोबारा से बनाने का काम कराया गया था। नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण सामग्री को



लेकर ग्रामीणों द्वारा जो आरोप लगाये जा रहे हैं इसी सच्चाई तो जांच के बाद ही सामने आएगी। बताया जाता है कि उपयंत्री कौन है, कब आते हैं आते भी हैं कि नहीं इसकी जानकारी नहीं है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सब इंजीनियर मनोज झरिया पीआईयू कटनी का कहना है कि ठेकेदार को हिदायत दी गई है निर्माण कार्य में सुधार लाया जावें व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जायें।

## निगमायुक्त ने अमृत 1.0 व 2.0 योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी, नवरात्रि के पूर्व करें रेस्टोरेशन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अमृत 1.0 एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज एवं सेप्टेज प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### नवरात्रि से पूर्व सड़क रेस्टोरेशन करें पूर्ण

नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन विस्तार कार्य के चलते खोदी गई सड़कों को लेकर निगमायुक्त ने निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी नवरात्रि पर्व से पहले संबंधित क्षेत्रों की सड़कों का स्थायी रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कर लिया जाए, जिससे धार्मिक आयोजनों एवं नागरिकों के आवागमन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां बारिश शुरू होने से पहले मार्टरेबल (अस्थायी भराई) का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### 31 मार्च के पूर्व पूर्ण करें एसटीपी का शेष कार्य

साथ ही निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान अमृत 1.0 एवं 2.0 योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत



एसटीपी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, मैनहोल निर्माण तथा हाउस सर्विस कनेक्शन के कार्यों की क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली गई। अमृत 1.0 योजना अंतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत जोनवार लंबित कार्यों, हाउस सर्विस कनेक्शन हेतु अतिरिक्त मैनपावर तथा मशीनरी लगाने की हिदायत देते हुए संविदाकार को पुनरीक्षित वर्क प्लान प्रस्तुत करने , माधवनगर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट-1 के शेष कार्यों को 31 मार्च के पूर्व पूर्ण करने तथा घरों को सीवर लाइन से जोड़कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए।

### सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यान

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए संविदाकार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 एवं रामजानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 में लगभग 3.8 किलोमीटर सीवर लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष कार्य प्रगतिरत है। इस पर निगमायुक्त ने कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने, नागरिकों के आवागमन में हो रही असुविधाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा सड़क रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कठिनाईयो की ली जानकारी

बैठक के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्य में आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली और अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पीडीएमसी के एआरई सौरभ नौगजा,संविदाकार के प्रतिनिधि करण पटेल, हार्दिक मोरडिया सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# लोक अदालत कल, अधिभार में दी जाएगी विशेष रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा 14 मार्च को प्रातः 10 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर के पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में नगर निगम, द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत संपत्ति कर के 50,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 50,000 रुपये से अधिक एवं 1,00,000 रुपये तक के प्रकरणों में 50 प्रतिशत छूट तथा 1,00,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार जल उपभोक्ता प्रभार जलकर के 10,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 10,000 रुपये से अधिक एवं 50,000 रुपये तक के प्रकरणों में 75 प्रतिशत छूट तथा 50,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में दी जाएगी छूट उपरांत शेष राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा की जा सकेगी।

# खुशियों की बारात पर चढ़ी स्कॉर्पियो

## नशे में धुत्त ड्राइवर ने दूल्हा-दुल्हन समेत एक दर्जन को रौंदा, आशीर्वाद समारोह पर लगा ब्रेक





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शादी की खुशियों में झूम रही बारात अचानक चीख-पुकार में बदल गई, जब नाचते-गाते दूल्हा-दुल्हन के पीछे चल रही स्कॉर्पियो अचानक बेकाबू हो गई और सामने खड़े लोगों पर चढ़ गई। नशे और लापरवाही की इस घटना ने खुशियों के मौके को दर्दनाक हादसे में बदल दिया। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन दुल्हन सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम देवलगांव निवासी संजय पिता जनार्दन पारधी की शादी 11 मार्च को ग्राम मिरिया में संपन्न हुई थी। 12 मार्च को जब बारात वापस देवलगांव पहुंची तो घराती और बराती दूल्हा.दुल्हन के सामने नाच.गा रहे थे। इसी दौरान बारात में शामिल स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमपी50बीसी0975 जो दूल्हा-दुल्हन के पीछे चल रहा था, अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन चालक शंकर मेश्राम का वाहन से नियंत्रण छूट गया और स्कॉर्पियो ने दूल्हा-दुल्हन समेत करीब एक दर्जन लोगों को टक्कर मार दी। वाहन लोगों को रौंदते हुए आगे निकल गयाए जिससे मौके पर अफ रा-तफ री मच गई। हादसे के बाद गुस्साए घरातियों और बारातियों ने चालक की जमकर पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आक्रोशित लोगों ने स्कॉर्पियो वाहन में भी तोडफ़ोड़ कर दी। सूत्रों के अनुसार वाहन चालक के साथ-साथ कुछ बाराती भी शराब के नशे में बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यही लापरवाही इस हादसे की बड़ी वजह बनी।

हादसे में दुल्हन रानू पारधी के चेहरे, होंठ और पेट सहित शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। वहीं दूल्हा संजय पारधी को दोनों पैरों में चोट लगी है। इसके अलावा संध्या पारधी, चित्ररेखा, दीपिका, भूमेश्वरी, दीक्षा और दिशा सहित अन्य लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल संध्या पारधी को ज्यादा चोट लगने के कारण रेफर किया गया है।ग्राम देवलगांव में 12 मार्च को होने वाला आशीर्वाद समारोह भी इस घटना के बाद फीका पड़ गया है। खुशियों के इस मौके पर अचानक हुए हादसे से पूरे गांव में मायूसी का माहौल बन गया है और समारोह होने की संभावना कम बताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शादी-विवाह के दौरान शराबखोरी का चलन लगातार बढ़ रहा है। कई बार यही नशा खुशी के माहौल को हादसों में बदल देता है। देवलगांव की यह घटना भी एक बार फि र यह सवाल खड़ा करती है कि क्या कुछ पल की मौज-मस्ती के लिए लोगों की जान जोखिम में डालना सही है।

# कटंगटोला, सिंगोड़ी, सिकन्द्रा में विधायक ने ग्रामीणों के साथ पकड़ा रेत का अवैध डम्प

## ट्रैक्टर व डम्पर छोड़कर भागे चालक



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। पूर्व केबिनेट मंत्री व वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रेत ठेकेदार के पार्टनर है, इसीलिए उनके द्वारा अपने कार्यकाल में कभी भी किसी भी रेत घाट का निरीक्षण नहीं किया गया।**

इस आशय का आरोप विधायक विवेक विक्की पटेल ने रेत घाटों के निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में लगाया। विदित हो कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व डम्पिंग का कार्य नियमों को दरकिनार करके किया जा रहा है। जिले भर से ऐसी शिकायतें प्रतिदिन आती ही रहती है। परंतु रेत ठेकेदार के विरूद्ध शासन-प्रशासन द्वारा उस स्तर की कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिस स्तर की कार्यवाही होनी चाहिए। ताजा मामला वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र का है। जहां ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक विवेक पटेल ग्राम कटंगटोला एवं सिंगोड़ी पहुंचे। जहां रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जारी था। विधायक व ग्रामीणों को देखकर डम्पर व ट्रेक्टर चालक अपना वाहन छोडक़र वहां से भाग गये।

रेत ठेकेदार द्वारा नियमों की धजिजयां उड़ाकर रेत का उत्खनन कार्य किया जा रहा है। जिले के किसी भी रेत खदान में नियमानुसार उत्खनन का कार्य नहीं हो रहा है। ठेकेदार को रेत उत्खनन की अनुमति कहीं और की मिलती है और किसी और स्थान में रेत का अवैध उत्खनन किया जाता है। नियमानुसार रेत उत्खनन क्षेत्र में प्रतिवर्ष एक हजार पौधे लगाने का प्रावधान है। परंतु ठेकेदार द्वारा एक भी पौधा नही लगाया जाता। लगातार अवैध उत्खनन किये जाने के कारण नदियों का सीना छलनी हो रहा है और पानी का जल स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। जिससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। विधायक विवेक पटेल जब ग्राम सिंगोड़ी, कटंगटोला और सिकंदरा के अवैध रेत घाट पहुंचे, तो ट्रैक्टर चालक अवैध रूप से बिना अनुमति नदी से रेत निकाल रहे थे। वहीं ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति नियम विरुद्ध रेत का डम्प किया जा रहा था। विधायक को देख कर ट्रेक्टर चालक नदी में ही अपना ट्रेक्टर छोडक़र वहां से भाग गए। कटंगटोला रेत घाट पर ना तो कोई बोर्ड लगा था और ना ही यह घाट स्वीकृत है। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पूरा क्षेत्र जानता है कि रेत का काम किसका है? पूर्व मंत्री/पूर्व विधायक खुद रेत ठेकेदार के साथ पार्टनर है। पूर्व विधायक जनता को बताए कि वे रेत घाट कब गए है और कितनी बार कार्यवाही करवाए है? इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र भर में जितने भी घाटों से रेत का उत्खनन किया जा रहा हैं, उसमें से कुछ ही घाटों की स्वीकृति होगी, शेष सभी घाट अवैध है। यही नहीं रेत ठेकेदार द्वारा जगह-जगह अवैध रेत डम्प किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर मै आज दो-तीन रेत घाट पर पहुंचा था। जहॉ पर नियम विरुद्ध ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उत्खनन करवाया जा रहा था।

# खैरलांजी अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।**

सामुदायिक शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 11 मार्च बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया गया। इस दौरान शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित उपचार व परामर्श एंव निशुल्क दवाई वितरण की गई। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन ने बताया की 72 आंखो के मरीजो की जांच कर उपचार व उचित परामर्श दिया गया साथ ही निशुल्क दवाई प्रदान की गई। 38 नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया।बताया गया की लगातार अस्पताल प्रबंधन के द्वारा नेत्र शिविर आयोजित कर आंखो के मरीजो को लाभान्वित किया जा रहा है । पुन 18 मार्च को अस्पताल में आंखो के मरीजो के उपचार के लिए निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत शासकीय भवनों में लगाए जाएंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

**बालाघाट।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत RESCO (रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी) मॉडल के आधार पर शासकीय भवनों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जाने की योजना लागू की जा रही है। इस योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली की लागत कम करने का लक्ष्य रखा गया है। RESCO मॉडल के तहत सोलर परियोजना की स्थापना, संचालन और रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विकासक (वेंडर) की होती है। विकासक द्वारा ही आगामी 25 वर्षों तक संयंत्र का संधारण किया जाएगा। इस व्यवस्था में विकासक को केवल सौर ऊर्जा उत्पादन के आधार पर प्रति यूनिट भुगतान किया जाता है। इसमें किसी प्रकार के न्यूनतम भुगतान या फिक्स्ड चार्ज का प्रावधान नहीं है, जिससे विकासक अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित रहता है।

# जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत किन्ही में क्षमता वर्धन पर दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 02 किन्ही आज दिनांक 12 मार्च 2026 दिन गुरूवार कार्यकृम प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियानक। आज दिनांक को जिला समनवयक श्री शुसिल बर्मन व ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश के संयुक्त मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसाइटी भूआ के सहयोग द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम एक दिवसीय आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनिल खरगाल सेवा निवृत्त प्राचार्य लांजी,सचिव ग्राम पंचायत किन्ही होमेन्द्र पटले जी, जगदीश पांचे , रूचिका बैश ब्लॉक समनवयक किरनापुर, मंडलवार जी हिर्री, महेश पटले नवांकुर प्रभारी केशा, किन्ही पटवारी महोदय आदि अतिथियों के उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का स्वागत कर प्रशिक्षण का सुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम नवांकुर प्रभारी दिनेश चोरनेले द्वारा प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर प्रकाश डाला गया। जगदीश पांचे द्वारा परिषद् की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी गई। सुनील खरगाल द्वारा गठन व प्रबंधन पर प्रकाश डाला गया। मंडलवार जी द्वारा समग्र विकास की अवधारणा को समझाया गया। तथा स्वल्पाहार कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर पृभारी व प्रसफुटन समिति सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# 11 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त : भोजनालय व चाट दुकानों में किया जा रहा था व्यावसायिक उपयोग



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले के बाद से तेल की किल्लत का सामना ना करना पड़ा, इसीलिए केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों के मामले में सख्ती बरतनी प्रारंभ कर दी है। एक ओर तो केन्द्र सरकार द्वारा लगातार जनता को इस बात का आश्वासन दिया जा रहा है कि तेल पेट्रोलियम पदार्थो की कमी नहीं है। लेकिन दूसरी ओर गैस सिलेंडर 21 के स्थान पर 25 दिन में देने का आदेश दे दिया गया है। वहीं घरेलू गैस का उपयोग व्यवसायिक रुप से करने वाले लोगों पर कार्यवाही प्रारंभ करवा दिया है।

शासन के आदेशों के तहत की जा रही कार्यवाही के दौरान गुरुवार को नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक निहारिका अवस्थी खैरलॉजी, राजस्व निरीक्षक दिलीप डोंगरे, पटवारी राकेश सोनी, शिवा पटले, शांतनु दुबे ने नवनिर्मित चौपाटी में संचालित दुकानों का निरीक्षण किया। जहॉ पर उन्होंने दुकानदारों को घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया और 9 सिलेंडर जप्त किए। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित रामबंधु भोजनालय से एक व शहर के अंदर स्थित आनंद भोजनालय से एक घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 11 घरेलू गैस सिलेंडरों उपयोग व्यवसायिक रुप से करते हुए पाया गया और उनकी जप्ती बनाकर सभी घरेलू गैस सिलेंडर मॉ इंडेन गैस एजेंसी को सुपुर्दनामे में दे दिया गया है।

### इनका कहना है:-

शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिन व्यापारियों द्वारा अपने व्यवसाय में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, उनके खिलाफ नियमों के अनुसार उच्चाधिकारियों द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। अब तक की जॉच में 11 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए है और दुकानदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वह अपने व्यवसाय में व्यवसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करे। यदि उनके प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया, तो उनके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**तीरथ प्रसाद अक्षरिया**
**नायब तहसीलदार वारासिवनी।**

## महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार का मामला, भृत्य निलंबित

मण्डला। कलेक्टर कार्यालय मंडला में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार और अश्लील संदेश भेजने के मामले में जांच के बाद दोषी पाए जाने पर भृत्य गुलाब भारतीया को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई आंतरिक परिवाद समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी की शिकायत पर कार्यालय कलेक्टर मंडला द्वारा गठित आंतरिक परिवाद समिति ने मामले की जांच की। समिति ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत प्रकरण की सुनवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी को अश्लील संदेश भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने पर समिति ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की। समिकी अनुशंसा के आधार पर भृत्य गुलाब भारतीया को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान गुलाब भारतीया का मुख्यालय नायब तहसीलदार कार्यालय बम्हनी बंजर में निर्धारित किया गया है तथा इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

मण्डला। नवांकुर संस्था के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला किन्द्री में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता तिवारी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रवाहिनी समिति मंडला की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से समय-समय पर प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाता है। विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने प्रस्फुटन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आदिवासी बैगा विकास समिति प्रमुख श्रीमती गंगोत्री बड़गैया, परामर्शदाता आशीष नामदेव, समाजसेवी श्रीमती ममता साहू सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में रखें कड़ी निगरानी-कलेक्टर

# गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर होगी कार्यवाही

*** भ्रामक खबरों को फैलानों वालों की खैर नहीं।**





**हरिभूमि न्यूज मण्डला**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला योजना भवन में एसडीएम एवं तहसीलदारों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और डीलरों के साथ बैठक कर वितरण व्यवस्था की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि डीलरों से नियमित संवाद बनाकर रखें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए रखें तथा यदि कहीं भी अनियमितता या शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी तथा व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी पर भी कड़ी नजर बनाए रखें। पैनिक करने वाली भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी न हो इसके लिए पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करते रहें।

अनावश्यक अफवाह के चक्कर में जिन्हें आवश्यकता नहीं होती है वे भी गैस सिलेंडर लेकर रख लेते हैं और वाजिब दाम से अधिक देने को भी तैयार रहते हैं इस स्थिति में जिनके पास सिलेंडर होते हैं वे पैसे कमाने के लिये उपलब्धता कम दर्शाते हैं लिहाजा लोगों में और भी डर भरता है और ऐसे में एक ओर जहां आवश्यक वस्तु की उपलब्धता कम होती है तो वहीं अधिक दाम देने वाले ज्यादा होते हैं।



### पीपरदोन में पेयजल संकट का समाधान

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एसडीएम घुघरी सचिन जैन ने ग्राम पीपरदोन का दौरा किया। उन्होंने नागरिकों से सीधा संवाद कर पेयजल आपूर्ति से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सफलतापूर्वक हल कराया। ग्राम पीपरदोन में पीने के पानी की सप्लाई को लेकर ग्रामीणों के बीच कुछ असहमतियाँ थीं। इस संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए एसडीएम श्री जैन के साथ एसडीओ (पीएचई), जनपद पंचायत सीईओ घुघरी और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। एसडीएम श्री जैन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और आपसी समन्वय के माध्यम से जल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) के तहत आगामी समय के लिए प्राथमिकताएँ तय की जानी चाहिए।

## मंडला पुलिस के लिए आयोजित मोटिवेशनल कार्यक्रम में श्री भक्तिप्रेम स्वामी जी महाराज ने दिया प्रेरणादायी संदेश



**हरिभूमि न्यूज मण्डला**

दिनांक 12 मार्च 2026 को योजना भवन, मंडला में पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रेरणात्मक एवं मूल्य आधारित सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मार्गदर्शन उज्जैन से पधारे परमपूज्य भक्ति प्रेम स्वामी जी महाराज (अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, अध्यक्ष – इस्कॉन मंदिर उज्जैन, एम.बी.बी.एस.) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अपने संबोधन में स्वामी जी महाराज ने श्रीमद् भगवद्गीता के ज्ञान को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन और नेतृत्व की एक सार्वभौमिक आचार संहिता है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, नैतिकता और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि गीता का उपदेश एक जिम्मेदार योद्धा और प्रशासक अर्जुन को दिया गया था, जिससे स्पष्ट होता है कि इसका संदेश प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ निभाने वाले व्यक्तियों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है।

भगवद्गीता व्यक्ति को संकट के समय स्पष्टता, तनाव के समय धैर्य और निर्णय लेने में विवेक प्रदान करती है तथा प्रशासनिक अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को अधिक संतुलित और प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री शिव कुमार वर्मा ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि गीता के सिद्धांत पुलिस अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन और बेहतर निर्णय लेने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, थाना प्रभारी यातायात ललित धुर्वे, थाना प्रभारी महाराजपुर जय सिंह यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सृष्टि सोशल वेलफेयर द्वारा मनाया गया महिला दिवस

**हरिभूमि न्यूज मण्डला**

बीजाडांडी विकासखंड (जिला मंडला) के ग्राम पंचायत रामतिला में सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बीजाडांडी की जनपद अध्यक्षया श्रीमती करिश्मा पटटा उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच श्रीमती चित्रलेखा मरावी एवं ग्राम पंचायत रामतला के सरपंच एवं कृषि विभाग के बीटीएम मोहित गोलानी तथा धनवाही ग्राम पंचायत और रामतला ग्राम पंचायत की महिलाओं ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक क्षेत्र एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया ।साथ-साथ कुछ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु मनोबल बढ़ाने के लिए जनपद अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पटटा द्वारा नशा मुक्ति एवं किशोरियों की सुरक्षा के संबंध में उद्बोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के संचालक योगेंद्र प्रसाद जाटव के द्वारा महिलाओं अधिकार के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के दिए वास्तविक करवाई हेतु उद्बवोधन दिया गया।

एवं गांव क्षेत्र में आजीविका के लिए नए आयाम को सृजित करने के ऊपर जानकारी प्रेषित की गई। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति को दर्शाने के लिए कुछ खेल और प्रश्नोत्तरी की गतिविधियां आयोजित की गई एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु आत्मरक्षा और कौशल विकास के अवसर हेतु संवाद किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच श्रीमती चित्रलेखा मरावी के द्वारा लिंग समानता के अधिकार पर विस्तृत जानकारी प्रेषित की गई। इस संपूर्ण कार्यक्रम में रामतिला ग्राम पंचायत की महिलाओं पुरुषों एवं जनप्रतिनिधियों तथा आयोजक संस्था के प्रतिनिधि श्रीमती साक्षी बिरयानी, लतामंगेस्वरी बैरागी एवं संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 15 मार्च 2026 को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे।
प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को प्रात 06:20 बजे सिवनी पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी के सभाकक्ष में जिला कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। बैठक के पश्चात मंत्री श्री वर्मा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के नवीन आवेदन एवं नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए तथा नवीनीकरण आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पात्र विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, ताकि छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या की यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जाना है। उक्त यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 279 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। तीर्थ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदक जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय अथवा नगरपालिका सिवनी में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।
आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) एवं समग्र आई.डी. अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

### राम मंदिर समिति कलबोड़ी की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा कलबोड़ी 8 मार्च। सिवनी नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में बसे ग्राम कलबोड़ी में स्थित आनंदवर्धन श्री राम मंदिर समिति की बैठक आज शाम संपन्न हुई। इसमें उपस्थित होकर समस्त ग्राम वासियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्तों ने श्री रामनवमी के पर्व को प्रति वर्ष अनुसार धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय लिया। समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा का जिम्मा नवयुवक एवं भंडारा कार्यक्रम वरिष्ठ लोग संभालेगे। पूजन का कार्य मंदिर के पुजारी पंडित सुरेश तिवारी जी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल उपाध्यक्ष बलराम चंद्रवंशी कटंगी विमल चंदेल लेखराम साहू हरिसिंह सनोदिया गुल्लू बाबा जीवन सिंह चंदेल आसिम सनोदिया सरपंच नरेश टेकाम कांता सराठे दीवान सिंह धनंजय सिंह एवम राजा सनोदिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रिछारिया बाबा मेला स्थल पर पेयजल संकट

## पंचायत की लापरवाही उजागर

**जनपद पंचायत धनौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्वारी एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है। पंचायत के अधीन प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रिछारिया बाबा में श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।**

बताया जाता है कि रिछारिया बाबा की पावन स्थली पर केवल मेला अवधि में ही नहीं, बल्कि वर्षभर दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन व मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाज से प्रसाद चढ़ाने आने वाले भक्तों को इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जब मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, तो पाया कि मंदिर प्रांगण में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। वहीं परिसर में स्थित तालाब और कुएं की भी लंबे समय से साफ-सफाई नहीं की गई है। श्रद्धालुओं के लिए किसी प्रकार की वैकल्पिक जल व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं कराई गई है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि हालोन डेम मेला स्थल से महज एक से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद यहां पेयजल संकट बने रहना पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। मंदिर प्रांगण के आसपास कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा के साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे की भी आशंका बनी हुई है।

जल गंगा संवर्धन पर लाखों खर्च, फिर भी स्त्रोत उपेक्षित

जानकारों के अनुसार गर्मी के मौसम से पहले सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण का कार्य कराया जाता है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत ग्वारी में न तो कुएं की सफाई की गई और न ही तालाब का संरक्षण किया गया, जबकि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लाखों रुपये खर्च किए जाने की बात कही जा रही है।
ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव नेमी लाल उइके और सरपंच सीताराम कुमरे जनहित से जुड़ी योजनाओं की अनदेखी कर रहे हैं। पंचायत भवन में अक्सर ताला लगा रहता है, जिससे यह प्रतीत होता है कि योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह गई हैं।









# अंधविश्वास की भेंट चढ़ता 'जंगल का रक्षक', क्या बच पाएगा भारतीय पैंगोलिन?

**जंगलों और खेतों के पारिस्थितिकी संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला दुर्लभ जीव Indian Pangolin आज अंधविश्वास और अवैध तस्करी के कारण अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



यह शांत और शर्मीला जीव रात के समय लाखों चींटियां और दीमक खाकर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, जिससे फसलों और जंगलों को भी फायदा होता है। पैंगोलिन की खास पहचान उसके शरीर पर मौजूद कठोर शल्क (स्केल्स) हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में फैली एक गलत धारणा के कारण इन शल्कों की तस्करी तेजी से बढ़ी है। तस्करों का दावा है कि इससे चमत्कारी दवाइयां बनती हैं, जबकि वैज्ञानिकों के अनुसार पैंगोलिन के शल्क Keratin से बने होते हैं, जो मनुष्य के नाखून और बालों में भी पाया जाता है। इसलिए इनसे किसी बीमारी का इलाज संभव नहीं है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार भारतीय पैंगोलिन दुनिया का सबसे ज्यादा तस्करी किया जाने वाला स्तनपायी बन चुका है। इसे बचाने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान भी लागू हैं। भारत में इसे Wildlife Protection Act 1972 की अनुसूची-I में शामिल किया गया है, जहां इसे वही सुरक्षा प्राप्त है जो Tiger जैसे वन्यजीवों को दी गई है। कानून के तहत पैंगोलिन का शिकार, उसके शल्क रखना या बेचने जैसे अपराधों में शामिल पाए जाने पर 3 से 7 वर्ष तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। यह अपराध गैर-जमानती श्रेणी में आता है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अंधविश्वास से दूर रहें और यदि कहीं पैंगोलिन के शिकार या तस्करी की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इस जीव की सुरक्षा के लिए समाज जागरूक नहीं हुआ, तो जंगल का यह 'रक्षक' हमेशा के लिए विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकता है।

# गेहूं की फसल में आग लगने से भारी नुकसान, ढाई एकड़ फसल व पाइप जले

**किसान ने पड़ोसी पर लापरवाही से आग लगाने का लगाया आरोप, थाने में शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटीवाड़ा में बुधवार को गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से एक किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आकर करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, साथ ही खेत में रखे प्लास्टिक के पाइप भी जल गए। मामले में किसान ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भाटीवाड़ा निवासी किसान तेजराम पिता मूरतलाल सनोडिया (51 वर्ष) ने लखनवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खेत मंडवा रोड स्थित पटवारी हल्का नंबर 16, खसरा नंबर 152/1 रकबा 1.68 हेक्टेयर में स्थित है, जहां गेहूं की फसल लगी हुई थी।
किसान के अनुसार उसके खेत के पास ही बैजनाथ बघेल का खेत है, जहां सरसों की फसल काटने के बाद नरवाई पड़ी हुई थी। आरोप है कि बुधवार 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे बैजनाथ बघेल ने अपने खेत में पड़ी नरवाई में आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग फैलते हुए तेजराम के खेत में पहुंच गई और गेहूं की खड़ी फसल में लग गई।
आग लगने से करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे लगभग 50 क्विंटल गेहूं का नुकसान बताया जा रहा है। इसके अलावा खेत में रखे प्लास्टिक के 8 पाइप भी आग में जल गए।
घटना की जानकारी मिलने पर लोकेश यादव और विनोद सनोडिया सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित किसान ने थाने में नामजद शिकायत करते हुए हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति व हर्जाना दिलाने तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# न नारी अबला है न सबला है नारी शक्ति का स्वरूप और एक सशक्त व्यक्तित्व है नारी- डॉ रामकुमार चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उक्त आशय के उद्गार एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय ड्रीमलैंड कटंगी रोड सिवनी के सभागार में डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय व्यंग्यकार डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा व्यक्त किए गए। उन्होंने अपनी व्यंग्यात्मक शैली में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के पीछे की धारणा को भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय कवियित्री श्रीमति अर्पणा दुबे, एवं श्रीमति अंबिका शर्मा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को वर्तमान संदर्भ में व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन की महिला थाना सिवनी में पदस्थ अधिकारी रजनी नागभिरे मैडम एवं मीरा शरणागत मैडम ने विश्वमंच पर महिलाओं की उपलब्धियों का संदर्भ देते हुए लैंगिक समानता की बात कही और व्यक्त किया ईश्वर ने सबको समान बनाया है ,समान शक्ति समान अवसर दिए है जिसे समझने की आवश्यकता है।एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निधि चतुर्वेदी ने वैदिक काल से प्रारंभ कर मध्य व आधुनिक काल में महिलाओं की स्थिति को बताते हुए नारी सबलता की बात कही।इंदौर से पधारे श्री अरविंद यादव सेवानिवृत्त मंडल प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम, थियेटर आर्टिस्ट व कवि,लेखक ने महिलाओं की उपलब्धियों को बताते हुए अपनी रचना बापू के माध्यम से वर्तमान व्यवस्था पर कटाक्ष किया।एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमति ममता बाबरिया, श्रीमति कामिनी श्रीवास्तव, श्रीमति प्रियंका सोनी, श्रीमति चारूलता सिसोदिया, विधि महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमति वैशाली नीलेश गौडिया सुश्री अरूणा पटले ने भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव ने किया।

# कटंगी रोड मोक्षधाम में अधूरा पड़ा इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह, पार्षद ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर पालिका परिषद सिवनी के अंतर्गत कटंगी रोड स्थित मोक्षधाम में निर्माणाधीन इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश (राजू) यादव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत सौंपते हुए जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।
पार्षद यादव ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह के निर्माण व मशीन स्थापना का कार्य श्री कांता इलेक्ट्रिकल्स, महोली (पंजाब) को कार्यादेश क्रमांक 1432 दिनांक 12 अक्टूबर 2022 के माध्यम से दिया गया था। इस परियोजना की स्वीकृत लागत लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपये है और कार्यादेश के अनुसार फर्म को लगभग 4 माह के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कर मशीन चालू करनी थी। आरोप है कि फर्म ने केवल मशीन स्थापित कर लगभग 62 लाख 85 हजार 341 रुपये का करीब 50 प्रतिशत भुगतान 14 फरवरी 2023 को प्राप्त कर लिया, लेकिन इसके बाद से निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया।



पार्षद के अनुसार लंबे समय से कार्य बंद रहने के कारण मोक्षधाम परिसर में लगी मशीनरी अनुपयोगी पड़ी हुई है और उस पर जंग लगने की स्थिति बन गई है। इससे शासन की लाखों रुपये की राशि के दुरुपयोग और लापरवाही की आशंका भी जताई जा रही है।
पार्षद राजेश यादव ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा संबंधित फर्म और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अधूरे पड़े निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह को चालू कराया जाए, ताकि नगरवासियों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

# बिना आधार के आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत- अभिषेक दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भाजपा सिवनी नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने कांग्रेस नेता राजा बघेल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता केवल चर्चा में बने रहने के लिए अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हुए बिना आधार के आरोप लगाते हैं।
उन्होंने कहा कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की विकासवादी सोच और जनसेवा से जनता भली-भांति परिचित है, इसलिए ऐसे मनगढ़ंत आरोपों से उनकी छवि पर कोई असर नहीं पड़ने वाला।
अभिषेक दुबे ने कहा कि विधायक के प्रयासों से पेंच परियोजना की नहरों का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचा, सिवनी को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली और क्षेत्र में सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है।
उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि जब हाथी अपनी मस्त चाल से चलता है तो भौंकने वालों से रास्ता नहीं बदलता। विकास और जनसेवा के कार्य आगे भी इसी तरह जारी रहेंगे।

# गौ हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर नगर में जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मंगलवार 10.03.2026 रात्रि समय 10.30 बजे ग्राम बादलपार के चांदनी चौक मस्जिद रोड पर आरोपियों द्वारा गौ माता की निर्मम हत्या कर गौ मांस वकील खान के घर पर लाया गया। साथ ही दो चार पहिया वाहन द्वारा गौ मांस को अन्य जगह पहुंचा जा रहा था। जिससे हमारे हिंदू धर्म की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया किंतु कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं। आरोपियों द्वारा किए गए कृत से ग्राम बादलपार में ही नहीं बल्कि समस्त जिले में रोष व्याप्त है। नागरिकों ने आरोपियों के नाम लिखकर पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग भी की है। आरोप लगाते हुए मांग की है कि सकल हिंदू समाज आपसे उचित कार्रवाई करने का निवेदन करते हैं जो निम्न प्रकार हैं मुख्य आरोपी अलीम खान एवं अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।
सभी आरोपियों के घर एवं दुकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। आरोपियों द्वारा संचालित बिरियानी सेंटर और राइस मिल को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल के आधार पर अन्य आरोपियों का नाम पर एफआईआर जोड़ा जाए नामजद एवं सह आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर अपराधिक स्थल से चौकी तक जुलूस के साथ ले जाया जाए। यदि अपराधी आत्म समर्पण नहीं करते हैं तो उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार किया जाए और उनके व्यापारिक केन्द्रो को सील किया जाए। पूर्व में गौ तस्करी के नाम जद आरोपियों एवं वर्तमान आरोपियों द्वारा राजस्व भूमि पर किया गया अवैध कब्जा तत्काल प्रभाव से हटाया जाए जिसमें प्रमुख रूप से जाकिर उर्फ छोटा खान एवं उनके परिवार शामिल हैं। बबलू खान उर्फ वसिक खान निवासी मोहगांव के द्वारा गो तस्करी को पूर्ण सहयोग किया जाता है जिसके द्वारा पूर्व में गोवंश एवं जंगली जानवरो की तस्करी के भी आरोप हैं इस मामले में भी उनकी भूमिका संदिग्ध है इसके साथ पूर्व में गो तस्करी के आरोपियों की भी जांच की जाए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी जिला सिवनी ( म.प्र.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./0245/अपील/25-26
ग्राम सकरदा तह.व जिला सिवनी

गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम निवासी ग्राम मरझोर तहसील व जिला सिवनी (म.प्र.)..अपीलार्थी
विरूद्ध
जिसे कोई आपत्ति हो
(आम जनता जिसका हित हो)............. उत्तरवादी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम निवासी ग्राम मरझोर तहसील व जिला सिवनी द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सिवनी भाग-1 के रा.प्र.क्र./0133/ अ-6/2025 -2026 में पारित आदेश दिनांक 10-10-2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत किया है। जिसमें ग्राम मरझोर प.ह.नं. - 121 रा.नि.मं.-- सिवनी भाग -1 तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि ख.नं. 02 रकबा 3.69 हे. भूमि शीलाबाई ध.प. बेनीराम, गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम, छोटीबाई ना.बा. पुत्री बेनीराम, गोविन्दी पुत्री बेनीराम जाति कुर्मी के नाम से दर्ज है। उक्त खाते में सहखातेदार गोविन्द, छोटीबाई नाबालिग से बालिग किये जाने हेतु अधिनस्थ न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था लेकिन अधिनस्थ न्यायालय ने दिनांक 10-10-2025 को अपीलार्थी का आवेदन निरस्त कर दिया गया जिसके विरूद्ध अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26-03-2026 को नियत है। इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 26-03-2026 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिवनी में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता हैं तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्र से सर्वसाधारण की सूचना हेतु ईश्तहार का प्रकाशन किया गया।
जारी दिनांक - 11-03-2026
पेशी तारीख - 26-03-2026

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) सिवनी

# ग्राम छिंदवार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



शासन के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.यशवंत कुमार माथुर के मार्गदर्शन में बुधवार 11 मार्च को संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारबोड़ी द्वारा ग्राम छिंदवार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान उच्च रक्तचाप, मधुमेह और रक्त अल्पता जैसी बीमारियों की जांच की गई तथा रोगानुसार दवाइयाँ वितरित की गईं। डॉ यशवंत कुमार माथुर ने जानकारी देकर बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को दिनचर्या और ऋतुचर्या के अनुसार आहार-विहार की जानकारी दी गई तथा योग के महत्व को बताते हुए योगाभ्यास भी कराया गया। साथ ही रोग के अनुसार पथ्य-अपथ्य की जानकारी देकर औषधियों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए मौसमी फल एवं सब्जियों के सेवन की सलाह भी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कुल 103 ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

## राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरीट छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

# जिले के 170 विद्यार्थी हुये चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए आयोजित राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरीट छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम 9 मार्च 2026 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि घोषित परिणाम के अनुसार सिवनी जिले से कुल 170 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति के लिए चयन हुआ है। इनमें विकासखंड छपारा से सर्वाधिक 69 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इसके अलावा बरघाट विकासखंड से 23, सिवनी विकासखंड से 21, लखनादौन से 18, धनौरा से 12, केवलारी से 11, कुरई से 10 तथा घंसौर विकासखंड से 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में से विकासखंड छपारा के तीन विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनमें प्रथम स्थान कु. कुमकुम पटेल (पिता धनसिंह पटेल), शासकीय हाईस्कूल लाठगांव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कु. करिमा (पिता दुरजलाल तेकाम), उन्नयन माध्यमिक शाला पहाड़ी (केकड़ा) तथा तृतीय स्थान कु. कृष्णा यादव (पिता मंगल सिंह यादव), उन्नयन माध्यमिक शाला डांगावानी ने हासिल किया। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाकर उसे आधार से लिंक कराना होगा। साथ ही प्रत्येक वर्ष नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवश्यक जानकारी दर्ज कराने पर ही छात्रवृत्ति की पात्रता बनी रहेगी। संबंधित विद्यालयों को चयनित विद्यार्थियों के नाम विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

## परियोजना अधिकारी लांजी पर डेढ़ लाख रूपये मांगने का आरोप

# आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार!

### आदिवासी विकास परिषद के युवा अध्यक्ष शुभम उइके ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में अनियमितता का आरोप लगा है। दो आवेदिकाओं, सुनिता मरावी और अर्चना धुर्वे ने परियोजना अधिकारी लता वर्मा पर नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है।**



आदिवासी विकास परिषद के युवा अध्यक्ष शुभम उईके ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और आदिवासी युवतियों को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि देवरबेली, उलटनाला और तलाबटोला आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में उच्च शिक्षित आदिवासी युवतियों की अनदेखी की गई है।

आवेदिकाओं के अनुसार, परियोजना अधिकारी लता वर्मा ने भर्ती के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी। युवतियों को मूलनिवासी न होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है, जबकि उनके पास शासन द्वारा जारी मूलनिवासी प्रमाण पत्र और मतदाता सूची में भी नाम दर्ज हैं।

शुभम उईके ने आशंका जताई कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और लेनदेन कर पात्र आदिवासी युवतियों को अपात्र कर दिया गया है। उनका कहना है कि यह आदिवासियों को उनके हक और अधिकार से वंचित करने जैसा है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अपात्र घोषित होने के बाद, कलेक्ट्रेट पहुंची आदिवासी युवतियों ने प्रशासन से मेरिट के आधार पर नियुक्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने परियोजना अधिकारी लता वर्मा पर लगाए गए आरोपों की जांच की भी अपील की।


इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी प्रशांतदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्हें अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

## लैब संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी

# अवैध रूप से संचालित भव्या पैथोलॉजी लैब की गई सील

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बालाघाट जिले की बिरसा तहसील में अवैध रूप से संचालित भव्या पैथोलॉजी लैब एवं एडवांस पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर को बंद करते हुए पैथोलॉजी के संचालक श्री ढालसिंह चौधरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रित्विक पटेल के नेतृत्व में गठित जांच दल ने 8 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा के पास दुर्गा मंदिर कॉम्प्लेक्स, वार्ड क्रमांक 21 में स्थित उक्त पैथोलॉजी लैब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लैब का संचालन ढालसिंह चौधरी द्वारा किया जा रहा है, जबकि मौके पर वे स्वयं उपस्थित नहीं थे। लैब में केवल दो प्रशिक्षणार्थी मौजूद मिलीं, जिन्होंने बताया कि संचालक की योग्यता डीएमएलटी है, लेकिन निरीक्षण के दौरान उनकी शैक्षणिक योग्यता या मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीयन से संबंधित कोई प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया।






जांच के दौरान यह भी पाया गया कि लैब में डॉ. विकास बिसेन की एमबीबीएस एवं अस्थि रोग से संबंधित डिग्री की प्रति प्रदर्शित थी, जबकि उनके द्वारा यहां सेवाएं देने संबंधी कोई अनुबंध या सहमति पत्र उपलब्ध नहीं मिला। साथ ही लैब के बाहर एडवांस पैथोलॉजी लैब के कलेक्शन सेंटर का बोर्ड लगा पाया गया, लेकिन इसके संबंध में भी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। निरीक्षण में लैब के भीतर सीबीसी मशीन, बायोकेमिकल एनालाइजर, सेंट्रीफ्यूज मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर सहित विभिन्न जांच उपकरण तथा कई प्रकार की टेस्ट किट और रिएजेंट भी पाए गए। इसके अलावा लैब से निकलने वाले बायो-मेडिकल वेस्ट को परिसर के पीछे खुले में जलाकर नष्ट किया जाना पाया गया, जो निर्धारित नियमों के विपरीत है।

डॉ. उपलप ने बताया कि नियमों के अनुसार पैथोलॉजी परीक्षण की रिपोर्टिंग केवल वही व्यक्ति कर सकता है, जिसके पास पैथोलॉजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा हो तथा जो मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद में विधिवत पंजीकृत हो। निरीक्षण के दौरान इन प्रावधानों का पालन नहीं पाए जाने पर जांच दल ने जनहित में निर्णय लेते हुए भव्या पैथोलॉजी लैब एवं एडवांस पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। प्रशासन द्वारा संचालक को नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया है कि वह सात दिवस के भीतर अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष विंग जिला चिकित्सालय में पुरूषों को नहीं मिल रहा हैं पंचकर्म का लाभ






**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आयुष विंग जिला चिकित्सालय में पुरूषों को नहीं मिल रहा हैं पंचकर्म का लाभ। जिला चिकित्सालय में पहुंचे पुरूषों के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त विंग में महिलाओं को पंचकर्म की सुविधा मिल रही हैं। किन्तु जिला चिकित्सालय में पहुंचे पुरूष वर्ग को वापिस लौटना पड़ रहा हैं। अपने 15वर्षीय पुत्र काकेश शाह को पंचकर्म करवाने पहुंची गर्रा निवासी श्रीमती जुबेदा शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 6 माह पूर्व आयुष विंग जिला चिकित्सालय में अपने पुत्र का पंचकर्म करवाती थी किन्तु यहां सेवा देने वाले पंचकर्म विशेषज्ञ को बैहर पहुंचा दिया गया हैं। अब वर्तमान में पुरूष पंचकर्म करने वाले विशेषज्ञ नहीं हैं। मेरे पुत्र काकेश को मसल्स डिस्ट्रोफी जैसी गंभीर बीमारी हैं, वरिष्ट चिकित्सकों ने पंचकर्म करवाने की सलाह दी हैं तथा पूर्व में पंचकर्म से मेरे पुत्र को लाभ भी मिल रहा था किन्तु वर्तमान में पंचकर्म सुविधा नहीं मिलने के कारण मेरे पुत्र को गंभीर समस्या हो रही हैं।

### इनका कहना हैं

जिला चिकित्सालय में पुरूष वर्ग के लिए पंचकर्म विशेषज्ञ का पद रिक्त नहीं होने के चलते पुरूषों को लाभ नहीं मिल रहा हैं, हमारे द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया हैं, शीघ्र ही पुरूष वर्ग को भी पंचकर्म का लाभ दिया जाएगा।

**डॉ मिलिन्द चौधरी,जिला आयुष अधिकारी**

आपके द्वारा आयुष विभाग के संबंध में अवगत कराया गया हैं, शीघ्र ही जांच कर पंचकर्म की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**मृणाल मीना, कलेक्टर**

## सभापति ने कहा मामला गंभीर जिला प्रशासन की बैठक में रखेगी विषय

# प्रसव में लापरवाही का आरोप, नवजात की मौत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी स्थित वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक बड़ी कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां पर समय पर प्रसव नहीं कराने की वजह से ग्राम उमरी की प्रसूति महिला मीना मात्रे ने मृत नवजात शिशु को जन्म दिया है। इस घटना के बाद परिजनों ने ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों और चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा भी किया। जिसके बाद पूरा मामला थाने तक भी पहुंचा। इधर, घटना की जानकारी मिलने ही महिला बाल विकास समिति सभापति जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन भी अस्पताल पहुंची। उन्होंने प्रसूती महिला के परिजनों से चर्चा की और इस घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया तो अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों ने भी उन्हें कई तरह की समस्याओं से अवगत करवाया। सभापति केसर बिसेन ने जिला प्रशासन की बैठक में इस पूरे प्रकरण को वरिष्ट अधिकारियों के समक्ष रखने और जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करवाने का भरोसा दिया है। जिसके बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। शाम 06 बजे परिजन नवजात के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी प्रसूति महिला मीना पति किशोर मात्रे को गुरूवार की दोपहर साढ़े 12 बजे प्रसव पीढ़ा उठने के बाद सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया गया। परिजनों ने बताया कि जब वह प्रसूति महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे तो जच्चा-बच्चा का कार्ड लाना भूल गए थे तब अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों ने परिजनों को कार्ड लाने के लिए भेज दिया और प्रसूति का उपचार शुरू नहीं किया गया। जब परिजन कार्ड लेकर आए तो उन्हें इधर-उधर चक्कर कटवाया गया। हालांकि अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्रसव के पूर्व जांच के लिए प्रसूति को भेजा गया था। परिजनों के मुताबिक शाम साढ़े 04 बजे के आस-पास उन्हें प्रसव के बाद मृत नवजात शिशु ने जन्म दिया यह जानकारी दी गई। यह सुनकर परिजन आग-बबूला हो गए है और उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। बताना जरूरी है कि जब परिजन प्रसूती महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे तब शिफ्ट में तैनात कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है।

गौरतलब हो कि सरकारी अस्पताल कटंगी में कई तरह की कमियां है जिनको लेकर ना तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गंभीर है और ना ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, यूं कहे की सब कुछ भगवान भरोसे ही संचालित हो रहा है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अस्पताल में बीते कई महीनों से टिटनेस का इंजेक्शन नहीं है। इसकी जानकारी अफसरों से लेकर नेताओं को है। मगर, अफसर ध्यान नहीं देते और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि यानी विधायक के पास भूमिपूजन और लोकार्पण के अलावा अन्य बातों के लिए फुर्सत नहीं है। वह अस्पताल के कायाकल्प को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते है। उनका सपना है कि अस्पताल की नई इमारत का निर्माण हो जाए किंतु अस्पताल में मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही है उस ओर उनका बिलकुल भी ध्यान नहीं है। जब से वह विधायक बनकर आए है उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि क्षेत्र को नहीं दिलवाई वह ईमारतों को अपने सौगात बताकर उन्हीं का भूमिपूजन और लोकापर्ण करने में मशगुल है। जनता अस्पताल की परेशानियों से उन्हें अवगत भी करवा रही है परंतु ऐसा लगता है मानो विधायक इन समस्याओं को एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल रहे है। यहीं कारण है कि आज एक प्रसूति महिला ने मृत नवजात शिशु को जन्म दिया और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कटंगी में महिला चिकित्सक बीते कुछ वर्षों से नहीं है। डॉ रजनी शेण्डे के जाने के बाद से अब तक अस्पताल में कोई भी महिला चिकित्सक नियमित तौर पर पदस्थ नहीं हो पाई है। कुछ माह पूर्व महिलाओं को नसबंदी शिविर के दौरान कितनी परेशानियों को सामना करना पडा था यह बात भी किसी से छिपी नहीं है। मगर, एक बडा सच यह है कि कटंगी के सरकारी अस्पताल में कोई नेता ना स्वंय अपना उपचार करवाता है और ना ही अपने परिवार की बहू, बेटी का, यहां तो केवल गरीब ही अपना उपचार करवाने के लिए आते है जिसकी जीवन और मौत से शायद ही इन नेताओं को कोई फर्क पड़ता है।

## आमजन अफवाह पर ध्यान न दे

# पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की प्रदेश में कोई कमी नही पर्याप्त स्टाक मौजूद है

## एलपीजी सिलेण्डर की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण ना करें



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। ईरान अमेरिका ईजराईल के बीच खाडी में चल रहे युद्ध की परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने 12 मार्च को वीडियों कांफ्रेंसिंग से सभी जिलो के कलेक्टर, एसपी की बैठक लेकर ईंधन आपूर्ति के संबंध में दिशा निर्देश दिये। वीडियों कांफ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक उपस्थित थे।**

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की कोई कमी नही है। प्रदेश में तेल कंपनियों द्वारा इसकी व्यवस्थित एवं सुचारू आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टाक मौजूद है और इसकी सप्लाई में कहीं कोई कमी नही है। आमजन ईंधन का दुरूपयोग न करें और जहां आवश्यक है वहीं इसका उपयोग करें। खाना बनाने के दौरान गैस की खपत को कम करने के लिए सावधानियॉ बरते और ऐसे खाद्य पदार्थ न बनाए जिसमें गैस की अधिक खपत होती हो। बैठक में बताया गया कि हार्मुस जलडमरूमध्य के रास्ते से भारतीय जहाजों को ईंधन की आपूर्ति करने के लिए ईरान से अनुमति मिल गई है। देश में इस समय हार्मुस जलडमरूमध्य के अलावा अन्य मार्गो से 70 प्रतिशत क्रूड ऑयल की आपूर्ति हो रही है। जिसके कारण देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी ईंधन की कोई समस्या नही है। बैठक में बताया गया कि ईंधन की कमी होने या गैस सिलेण्डर उपलब्ध नही होने जैसी अफवाहों पर आमजन ध्यान न दे, इसके इंतजाम किये जाए। आमजन को समय पर सही सूचनाऍ दी जाए। अफवाह फैलाने वालो के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। बैठक में कहा गया कि एलपीजी गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण पर कडी कार्यवाही की जाए। घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग न होने दे। होटल, रेस्टारेंट, कैटरर्स को एलपीजी सिलेण्डर की बजाय अन्य वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने कहा गया। बैठक में उपस्थित तेल कंपनियों के अधिकारियों से कहा गया कि एलपीजी गैस सिलेण्डर की बुकिंग व्यवस्था को बेहतर बनाए, जिससे गैस बुक करने वाले उपभोक्ता को सुगमता से ओटीपी प्राप्त हो जाए और उसे समय पर गैस सिलेण्डर मिल जाए।

## कलेक्टर मृणाल मीना की पहल

# आंगनबाड़ी केन्द्रों की निगरानी के लिए 'राइज बलगिनिटी' मोबाइल ऐप का नवाचार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर मृणाल मीणा की पहल पर एक अभिनव कदम उठाया गया है। इसके अंतर्गत अब मोबाइल ऐप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की दैनिक उपस्थिति की निगरानी की जाएगी।इस नई व्यवस्था के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन केन्द्र में उपस्थित बच्चों की फोटो लेकर मोबाइल ऐप में अपलोड करना होगा। ऐप फोटो के आधार पर बच्चों की संख्या, आंगनवाड़ी केन्द्र की जीपीएस लोकेशन, फोटो लेने की तिथि एवं समय स्वतः दर्ज करेगा। इस डाटा की जिला स्तर पर निगरानी की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि किसी केन्द्र में किस दिन कितने बच्चे उपस्थित हुए।कलेक्टर के निर्देश पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इस मोबाइल ऐप के उपयोग के लिए प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। इस व्यवस्था से आंगनवाड़ी केन्द्रों में फर्जी उपस्थिति दर्ज होने की संभावना समाप्त हो जाएगी, क्योंकि हर रिपोर्ट जीपीएस लोकेशन और समय के साथ दर्ज होगी, जिससे डाटा में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ संभव नहीं होगी। इस ऐप की विशेषता यह है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को केवल एक फोटो खींचकर अपलोड करना होगा, जिसके बाद ऐप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की सहायता से बच्चों की संख्या का स्वतः आकलन कर लेगा और रिपोर्ट तुरंत अधिकारियों तक पहुंच जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सरकारी पोषण योजनाओं का लाभ सही बच्चों तक पहुंचे और सरकारी धन का सही उपयोग हो।आंगनवाड़ी केन्द्रों की निगरानी के लिए RISE Balginti नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है, जिसे इंदौर स्थित Rising Dine Private Limited द्वारा विकसित किया गया है। यह भी गौरव की बात है कि मध्यप्रदेश की महिला उद्यमियों द्वारा विकसित यह तकनीक सरकार के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# उधारी पैसे वसूलने किया अपहरण, पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया मामला

### छत्तीसगढ़ से मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार, अपहृत युवक को सकुशल बरामद, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना से मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज लांजी।



उधार के पैसे की वसूली के लिए रचे गए अपहरण के सनसनीखेज मामले का लांजी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहत युवक को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार 11 मार्च की सुबह करीब 9 बजे ग्राम बकरामुंडी के कटंगनाला के पास सफेद रंग की चार पहिया तूफान वाहन में सवार चार लोगों ने ग्राम घोटी चौकी सुलसुली निवासी 35 वर्षीय केशोप्रसाद धामने के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना लांजी में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 70/2026 के तहत अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श कांत शुक्ला और एसडीओपी लांजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि. दीप सिंह परमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले पहुंची, जहां से अपहत केशोप्रसाद धामने को सकुशल बरामद कर लिया गया और मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उन्नी दीप सिंह परमार के नेतृत्व में एसआई महेश बिरसे, प्रधान आरक्षक पवन मर्सकोले, आरक्षक चेतन सोनी, आरक्षक आशुतोष राजपूत, आरक्षक सुजीत पाल और आरक्षक पवन ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ जीत साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में उसने अपनी मंगेतर ज्योति बिल्हारे के साथ मिलकर केशोप्रसाद धामने को ब्याज पर रुपए दिए थे। जब पैसे वापस नहीं मिले तो दोनों ने वसूली के लिए अपहरण की योजना बनाई। योजना के तहत ज्योति बिल्हारे ने फोन कर जितेंद्र को लांजी बुलाया और अपने साथियों के साथ मिलकर कटंगनाला के पास से केशोप्रसाद का अपहरण कर लिया। उक्त मामले में लांजी पुलिस द्वारा आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ जीत साहू (35) निवासी ग्राम खेरोटी थाना मगर रोड जिला धमतरी (छत्तीसगढ़), योगेश साहू (40) निवासी ग्राम कातलबोर कुर्मा (छत्तीसगढ़), ज्योति बिल्हारे निवासी ग्राम घोटी चौकी सुलसुली थाना लांजी जिला बालाघाट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# विधायक मधु भगत की उपस्थिति में आज कोसमी में होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

होली के पावन पर्व के अवसर पर क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 मार्च 2026 को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से कोसमी स्थित शुभारंभ मैरिज लॉन में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक परसवाड़ा क्षेत्र के विधायक मधु भगत हैं। आयोजकों ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होकर होली के रंगों के साथ आपसी भाईचारे और खुशियों का संदेश फैलाने की अपील की है।

इस अवसर पर होली मिलन के साथ ही सामूहिक स्वल्पाहार का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें उपस्थित अतिथि एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देंगे। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी मेल-मिलाप और एकता को मजबूत करते हैं तथा लोगों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं।



कार्यक्रम के निवेदक के रूप में नवीन चौधरी (ब्लॉक अध्यक्ष – हट्टा), देवेंद्र मोहारे (ब्लॉक अध्यक्ष – रजेगांव, किसनपुर) तथा शिब्बू विश्वकर्मा (जिलाध्यक्ष – युवा कांग्रेस) की प्रमुख भूमिका रहेगी।

इसके साथ ही कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय सहभागिता रहेगी। जिनमें निमिष राणा, गिरीश सोनवाने, शेखर नागपुरे, योगेन्द्र दमाहे, यशवंत नागपुरे, इंद्रसेन कावड़े, दिनेश कावड़े, विरेंद्र चौहान, विजय कुठे, ओमप्रकाश मरठे, जीवन लिल्हारे, डॉ. वेंकट बिसेन और सुभाष बिसेन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के माध्यम से होली के पर्व को हर्षोल्लास, प्रेम और भाईचारे के वातावरण में मनाने का संदेश दिया जाएगा।

### 14 मार्च को होगी वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026, शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जलकर, संपत्तिकर से संबंधित प्रकरणों सहित विभिन्न दीवानी, राजस्व एवं प्रीलिटिगेशन मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के मामलों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि जमा करने पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है।